**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## मुख्यमंत्री ने की राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात

जयपुर, 24 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

इस दौरान उच्च शिक्षा, आदिवासी क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न अन्य मुद्दों पर दोनों ने चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री गहलोत कोई एक घंटे तक राज्यपाल श्री मिश्र के पास रहे।



---------

